XX/XX/XXXX

JOHN SAMPLE
1234 SAMPLE STREET
ANYTOWN CA 90000

प्रिय Medi-Cal सदस्य,

एक पिछले पत्र में उल्लेख किया गया था कि **1 जुलाई, 2026** से, Medi-Cal आपातकालीन स्थितियों को छोड़कर, कुछ वयस्क सदस्यों के लिए दंत चिकित्सा सेवाओं को कवर करना बंद कर देगा। इस बदलाव की प्रभावी तिथि को **1 जुलाई**, **2027** तक स्थगित कर दिया गया है। यह बदलाव आप्रवासन स्थिति पर निर्भर है। यह बदलाव केवल उन Medi-Cal सदस्यों को प्रभावित करता है जिनकी आयु 19 वर्ष या उससे अधिक है और जो संघीय पूर्ण-दायरा Medi-Cal के लिए योग्य नहीं हैं। इस बदलाव से प्रभावित सदस्यों को सलाह दी जाती है कि वे **1 जुलाई, 2027** से पहले आवश्यक दाँतों का इलाज करवा लें।

1 जुलाई, 2027 से यह जानने के लिए कि यह बदलाव आप पर लागू होता है या नहीं, इमिग्रेशन स्टेटस चार्ट पढ़ें जो यहाँ दिया गया है: **https://www.dhcs.ca.gov/Medi-Cal/Pages/immigration-status-categories.aspx**.

आपकी आप्रवासन स्थिति चाहे कुछ भी हो, आपका डेंटल लाभ युक्त पूर्ण-दायरा Medi-Cal बना रहेगा यदि:

- आप गर्भवती हैं (और गर्भावस्था के अंत के बाद अधिकतम एक वर्ष के भीतर हैं), या
- आपकी उम्र 19 वर्ष से कम है, या
- आपकी उम्र 26 वर्ष से कम है और आप अपने 18वें जन्मदिन पर पालक देखभाल (फ़ोस्टर केयर) में थे।

यदि आप डेंटल लाभ युक्त पूर्ण-दायरा Medi-Cal के लिए योग्य नहीं हैं, तो आपको इमरजेंसी डेंटल सेवाएँ मिल सकती हैं।

**इमरजेंसी डेंटल सेवाएँ क्या हैं?**

इमरजेंसी डेंटल सेवाएँ वे उपचार हैं जो गंभीर दर्द को रोकने के लिए या अचानक हुईं गंभीर मेडिकल समस्याओं की पहचान करने और उनका उपचार करने के लिए तुरंत आवश्यक होते हैं। इमरजेंसी डेंटल सेवाएँ इनके लिए हो सकती हैं:

- ऐसा रक्तस्राव जो रुक न रहा हो
- आपके मुँह में या उसके इर्द-गिर्द दर्द के साथ सूजन
- दाँत दर्द या जबड़े में दर्द
- आपके चेहरे या जबड़े की हड्डी की चोटें
- आपके मसूढ़ों या दाँतों में दर्द या सूजन के साथ संक्रमण
- सर्जरी के बाद की देखभाल (जैसे बैंडेज बदलना या टाँके हटाना)
- दाँत का टूटना या जड़ से उखड़ना
- यदि ब्रेस के तार आपके गालों या मसूढ़ों को चोट पहुँचा रहे हैं तो उन्हें काटना या ठीक करना

इमरजेंसी डेंटल सेवाओं के बारे में और जानने के लिए यहाँ जाएँ:
**https://smilecalifornia.org/common-questions-2/what-should-i-do-if-i-have-a-dental-emergency/.**

**मुझे क्या जानने की आवश्यकता है?**

- यदि यह बदलाव आप पर असर डालता है, तो आप **30 जून, 2027** तक नीचे दिए गए विवरण के अनुसार अपने Medi-Cal दांतों के लाभों का उपयोग कर सकते हैं: 1 जुलाई, 2027 से, आपको **पूर्ण दायरे के दंत चिकित्सा लाभ** नहीं मिलेंगे और आपको अपने Medi-Cal Dental Plan (Dental Managed Care Plan) से बाहर किया जा सकता है।
- यदि आपकी कोई डेंटल इमरजेंसी है, तो देखभाल के लिए आप किसी Medi-Cal डेंटल प्रदाता के पास जा सकते हैं।
- अपने समीप कोई Medi-Cal डेंटल प्रदाता ढूँढने के लिए यहाँ जाएँ:
- **https://dental.dhcs.ca.gov/find-a-dentist/home**. या Medi-Cal Dental को **1-800-322-6384** पर कॉल करें।
- Medi-Cal Dental के बारे में और जानने के लिए यहाँ जाएँ: **https://smilecalifornia.org/**.
- यदि आपकी आप्रवासन स्थिति बदलती है, तो यह पता लगाने के लिए अपनी स्थानीय काउंटी के Medi-Cal कार्यालय से संपर्क करें कि आप डेंटल सेवाओं के लिए योग्य हो सकते हैं या नहीं। अपनी स्थानीय काउंटी के Medi-Cal कार्यालय की जानकारी के लिए यहाँ जाएँ: **dhcs.ca.gov/COL.**
- आप गर्भवती हैं या आपकी गर्भावस्था समाप्त होने के बाद के 12 महीनों के भीतर हैं यह सूचना देने के लिए, अपनी स्थानीय काउंटी के Medi-Cal कार्यालय से संपर्क करें।
- आपको Medi-Cal Dental लाभ मिलते रहेंगे और आपकी कवरेज बदलकर Medi-Cal Dental Program (फी-फॉर-सर्विस) कर दी जाएगी, यदि आप:
  - गर्भवती हैं या प्रसव-पश्चात (गर्भावस्था के बाद के) एक वर्ष के भीतर हैं, और/या
  - पालित (फ़ोस्टर) बालक/युवा हैं या ऐसा पूर्ववर्ती पालित (फ़ोस्टर) युवा हैं जिसकी उम्र 26 वर्ष से कम है और आप अपने 18वें जन्मदिन पर पालक देखभाल (फ़ोस्टर केयर) में थे।

**Medi-Cal Dental के बारे में और जानें**

ये बदलाव किन आप्रवासन स्थितियों को प्रभावित करते हैं, इससे संबंधित प्रश्नों के उत्तरों के लिए, आम प्रश्न (FAQ) पढ़ें।

अपने स्मार्टफोन से नीचे दिया गया QR कोड स्कैन करें या **https://www.dhcs.ca.gov/services/Pages/Medi-Cal-Dental-Benefit-Changes-Frequently-Asked-Questions.aspx** पर जाएँ

**अधिक सहायता के लिए:**

- Medi-Cal Dental को सोमवार से शुक्रवार, 8 a.m. से 5 p.m. के बीच (सरकारी छुट्टियों को छोड़कर) **1-800-322-6384** पर कॉल करें। यह कॉल निःशुल्क है।
- पात्रता, लाभों और सेवाओं से जुड़े प्रश्नों के लिए, Medi-Cal हेल्प लाइन को सोमवार से शुक्रवार, 8 a.m. से 5 p.m. के बीच (राजकीय अवकाश छोड़कर) **1-800-541-5555** पर कॉल करें। यह कॉल निःशुल्क है।
- आपके लाभों के उपयोग में और आपके अधिकारों को समझने में मदद के लिए, **MMCDOmbudsmanOffice@dhcs.ca.gov** पर ईमेल भेजें। या सोमवार से शुक्रवार, सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक (सरकारी छुट्टियों को छोड़कर) **1-888-452-8609** (TTY: कैलिफ़ोर्निया स्टेट रिले के लिए 711) पर कॉल करें। यह कॉल निःशुल्क है। या, यहाँ जाएँ: **https://www.dhcs.ca.gov/services/MH/Pages/mh-ombudsman.aspx**.
- स्वास्थ्य और दंत चिकित्सा योजनाओं का चयन करने में सहायता के लिए, Medi-Cal Health Care Options (HCO) को सोमवार से शुक्रवार, सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक **1-800-430-4263** (TTY: 1-800-430-7077) पर कॉल करें। यह कॉल निःशुल्क है। या Medi-Cal HCO की वेबसाइट पर जाएं **www.healthcareoptions.dhcs.ca.gov**.
- आपके डेंटल प्लान से जुड़े प्रश्नों के लिए, आपके Medi-Cal Dental Plan कार्ड के पीछे लिखे नंबर पर कॉल करें। यह कॉल निःशुल्क है।
- Medi-Cal बदलावों के बारे में और जानने के लिए यहाँ जाएँ: **https://www.dhcs.ca.gov/Medi-Cal/Pages/changes.aspx**.
- आप्रवासन स्थिति के आधार पर Medi-Cal कवरेज के दायरे में बदलावों से जुड़े प्रश्नों के लिए, **ImmigrationPolicy@dhcs.ca.gov**. पर ईमेल भेजें।
- अपना स्थानीय काउंटी कार्यालय ढूँढने के लिए यहाँ जाएँ: **dhcs.ca.gov/COL.**

धन्यवाद,

Department of Health Care Services